रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 08 सितंबर 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 8 : RIGHT MIDDLE

डिबेट में एसआरएमएस बना ओवरऑल चैंपियन

बरेली। एसआरएमएस कालेज ऑफ लॉ में शनिवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका विषय था 'क्या अनुच्छेद 370 को हटाना असंवैधानिक है'। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 13 कॉलेजों ने भाग लिया। ओवरऑल ट्रॉफी एसआरएमएस कॉलेज आफ लॉ ने जीती। पक्ष में सत्येंद्र कॉलेज आफ लॉ के मयंक को पहला, वासुदेव कॉलेज की मेघा को दूसरा और एसआरएमएस की प्रेरणा को तीसरा स्थान मिला। विपक्ष में एसआरएमएस के पारस को पहला, क्लासिक के तनय को दूसरा और सत्येंद्र कॉलेज के अतुल को तीसरा स्थान मिला। सेवानिवृत्त एडीजे एनसी हरित और चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्रों को पुरस्कृत किया।